प्रगण्य प्रकाशन

प्रतिदिन मॉडल पेपर 18 दिनांक : 25/11/2017

राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा, 2017

प्रगण्य प्रकाशन

हमारा उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्तम किताबों का प्रकाशन करना है।
जिनसे स्वतः अध्ययन (सेल्फ स्टडी) द्वारा सफलता प्राप्त की जा सके।

प्रगण्य प्रकाशन किसी प्रकार की कोचिंग या क्लास नहीं चलाता है।

हमारे सारे मॉडल पेपर हमारी वेबसाइट

www.praganya.org

पर उपलब्ध है। आप वहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं। आपसे निवेदन है कि व्हाट्सएप से उत्तर आने का इंतजार न करें एवं हमारी वेबसाइट से मॉडल पेपर डाउनलोड करें। पहले हमारी वेबसाइट पर पेपर आता है, उसके बाद हम व्हाट्सएप से भेजते हैं।

प्रगण्य मॉडल पेपर की बढ़ती हुई प्रसिद्धि के कारण हमें हजारों मैसेज प्रतिदिन प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें तुरन्त उत्तर देना संभव नहीं है। अतः आपसे निवेदन है कि हमारे Whatspp no. को अपनी कोचिंग क्लास या कॉलेज क्लास के ग्रुप या किसी स्टडी ग्रुप में ऐड करें। रीट के लिए 9460443210 को अपने ग्रुप में जोडें। राजस्थान पुलिस कांस्टेबल के लिए 9461043210 को अपने ग्रुप में जोडें। आपके ग्रुप में ये मॉडल पेपर प्रतिदिन भेज दिए जाएँगे, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले सभी छात्रों को इसका लाभ मिल सकें।

कृपया ध्यान दें हम किसी भी प्रकार का ग्रुप नहीं चलाते हैं।

हमारे प्रकाशन के बारें में अन्य किसी प्रकार की सूचना एवं जानकारी के लिए 9460143210 पर Whatspp मैसेज करें।

प्रगण्य प्रकाशन व्हाट्सएप नं. 9461043210

प्रतिदिन हमारी वेबसाइट www.praganya.org से डाउनलोड करें।

1. निम्न लिखे अक्षरों का कौनसा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

a_bba_bba_bb

(1) a a b (2) a b b
(3) b b b (4) b b a

उत्तर (3) b b b

व्याख्या श्रृंखला का क्रम निम्नवत् होगा–

a b b b, a b b b, a b b b

अतः रिक्त स्थानों पर अक्षर समूह b b b आएगा।

2. 156, 506, ?, 1806

(1) 1056 (2) 856
(3) 1456 (4) 1506

उत्तर (1) 1056

व्याख्या दी गई श्रृंखला निम्नवत् है–



अतः श्रृंखला 350, 550, 750, 950 .... के क्रम में आगे बढ़ रही है।

प्रगण्य प्रकाशन व्हाट्सएप नं. 9461043210

3. निम्न विकल्पों में से संबंधित अक्षरों को चुनिए–

PAL : LAP :: PAN : ?

(1) PAM (2) MAP

(3) NAP (4) LAN

उत्तर (3) NAP

व्याख्या प्रश्नानुसार,

जिस प्रकार,

P	A	L	=	L	A	P
1	2	3		3	2	1

उसी प्रकार,

P	A	N	=	N	A	P
1	2	3		3	2	1

4. पौधा : बीज : : ? : कली

(1) पत्ता (2) टहनी

(3) फूल (4) फल

उत्तर (3) फूल

व्याख्या जिस प्रकार बीज से पौधा बनता है, उसी प्रकार कली से फूल बनता है।

5. निम्न में से विषम संख्या युग्म ज्ञात कीजिए–

(1) 3–9 (2) 5–25

(3) 7–49 (4) 8–64

उत्तर (4) 8–64

व्याख्या प्रत्येक विकल्प में दी गई दूसरी संख्या पहली संख्या की वर्ग संख्या है, परन्तु विकल्प (4) में दी गई दोनों संख्याएं घन संख्याएं भी हैं।

जैसे–

$3^2 = 9,\ 5^2 = 25,\ 7^2 = 49,$

$8^2 = 64,\ 8 = 2 \times 2 \times 2,\ 64 = 4 \times 4 \times 4$

6. निम्न में से कौनसा विकल्प शब्दों का सार्थक आरोही क्रम दर्शाएगा?

निदान, शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल, शल्यक्रिया, छुट्टी मिलना।

(1) छुट्टी मिलना, शल्यक्रिया, निदान, शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल

(2) शल्यक्रिया, निदान, छुट्टी मिलना, शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल

(3) निदान, शल्यक्रिया, शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल, छुट्टी मिलना

(4) शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल, छुट्टी मिलना, शल्यक्रिया निदान

उत्तर (3) निदान, शल्यक्रिया, शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल, छुट्टी मिलना

व्याख्या दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् होगा–

निदान → शल्यक्रिया → शल्यक्रिया पश्चात् देखभाल → छुट्टी मिलना।

7. निम्न में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–

96	100	132
6	4	6
5	7	3
21	32	?

(1) 20 (2) 25

(3) 30 (4) 32

उत्तर (2) 25

व्याख्या प्रश्नानुसार,

जिस प्रकार,

$$\frac{96}{6} + 5 = 16 + 5 = 21$$

तथा $$\frac{100}{4} + 7 = 25 + 7 = 32$$

उसी प्रकार,

$$\frac{132}{6} + 3 = 22 + 3 = 25$$

प्रतिदिन हमारी वेबसाइट www.praganya.org से डाउनलोड करें।

8. एक कूट–भाषा में, TRIPLE को SQHOKD लिखा जाता है। उस कूट–भाषा में DISPOSE को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(1) CHRONRD (2) DSOESPI

(3) ESJTPTE (4) ESOPSID

उत्तर (1) CHRONRD

व्याख्या प्रश्नानुसार,

जिस प्रकार,

T	R	I	P	L	E
↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1
S	Q	H	O	K	D

उसी प्रकार,

D	I	S	P	O	S	E
↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1	↓ -1
C	H	R	O	N	R	D

अतः DISPOSE को CHRONRD द्वारा लिखा जाएगा।

प्रगण्य प्रकाशन व्हाट्सएप नं. 9461043210

9. कृष्ण का एक मित्र राम हर रविवार को उससे मिलने आता है। पहली बार वह 12.30 pm पर आया, अगली बार 1.20 pm पर, फिर 2.30 pm पर और फिर 4.00 pm पर। उसके बाद कृष्ण से मिलने के लिए राम कब आया?

(1) 5.20 pm (2) 5.30 pm
(3) 6.20 pm (4) 5.50 pm

उत्तर (4) 5.50 pm

व्याख्या चूँकि कृष्ण का मित्र पहली बार 12.30 pm पर आया उसके 50 मिनट बाद 1.20 pm पर आया तथा पुनः उसके 70 मिनट बाद 2.30 pm पर आया और 2.30 pm से 90 मिनट बाद 4.00 pm पर आया। इसलिए राम प्रत्येक बार पिछली बार की तुलना में 20 मिनट अधिक देर से आता है।

राम अगली बार मिलने 4.00 pm से $(90 + 20)$ मिनट बाद आएगा।

इसलिए राम 4.00 pm से 110 मिनट बाद आएगा।

जिस समय घड़ी का समय 5.50 pm होगा।

10. निम्न में से कौनसा शब्द दिए गए शब्द के अक्षरों द्वारा नहीं बनाया जा सकता है?

FRIENDSHIP

(1) SPEND (2) PRIDE
(3) FRIEND (4) FREE

उत्तर (4) FREE

व्याख्या दिए गए शब्द FRIENDSHIP से FREE शब्द नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि FREE में दो बार E आया है जबकि FRIENDSHIP में केवल एक बार E आया है।

11. एक आदमी ने एक महिला से कहा, आपके भाई का एकमात्र पुत्र, मेरी पत्नी का भाई है। वह महिला उस आदमी की पत्नी से किस प्रकार संबंधित है?

(1) बहन (2) माता

(3) दादी (4) बुआ

उत्तर (4) बुआ

व्याख्या प्रश्नानुसार,



चित्र से स्पष्ट है कि वह महिला आदमी की पत्नी की बुआ होगी।

12. राजू को ताराघर जाना था। अतः वह अपने घर से पूर्व की ओर 1.5 किमी. चला फिर दाईं ओर मुड़ गया और 2.5 किमी. चला और फिर पूर्व की ओर मुड़ गया और 2.5 किमी. चला और फिर पूर्व की ओर मुड़ गया और 1 किमी. चला और फिर दक्षिण की ओर मुड़ गया और 4 किमी. चला और पश्चिम की ओर 2.5 किमी. चलकर उस स्थान पर पहुंच गया। वह आरंभिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है?

(1) 6.5 किमी. (2) 9.5 किमी.
(3) 10 किमी. (4) 9 किमी.

उत्तर (1) 6.5 किमी.

व्याख्या प्रश्नानुसार,



राजू के घर से ताराघर की दूरी $= BC + DE$ (चित्र से)
$= 2.5 + 4 = 6.5$ किमी.

13. **कथन** : किसी शिक्षित व्यक्ति के जीवन–मूल्य, अशिक्षित व्यक्ति से भिन्न होंगे।

अनुमान :

1. शिक्षा का प्रभाव किसी व्यक्ति के जीवन–मूल्यों पर पड़ता है।
2. एक अशिक्षित व्यक्ति के कोई मूल्य नहीं होंगे।

कूट–

(1) केवल 1 अंतर्निहित है

(2) केवल 2 अंतर्निहित है

(3) 1 व 2 दोनों ही अंतर्निहित है

(4) न 1 और न ही 2 अंतर्निहित है

उत्तर (1) केवल 1 अंतर्निहित है

व्याख्या कथन के अनुसार यही अनुमान लगाया जा सकता है कि शिक्षा का प्रभाव किसी व्यक्ति के जीवन–मूल्यों पर पड़ता है।

14. **कथन** :

1. सभी शहर नगर होते हैं।
2. कुछ शहर गांव होते हैं।

निष्कर्ष :

1. सभी गांव नगर होते हैं।
2. कोई गांव नगर नहीं हैं।
3. कुछ गांव नगर होते हैं।

कूट–

(1) केवल निष्कर्ष 3 होगा
(2) केवल निष्कर्ष 1 होगा
(3) केवल निष्कर्ष 2 होगा
(4) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (1) केवल निष्कर्ष 3 होगा

व्याख्या कथन के अनुसार



निष्कर्ष :

1. सभी गांव नगर होते हैं। असत्य है।
2. कोई गांव नगर नहीं हैं। असत्य है।
3. कुछ गांव नगर होते हैं। सत्य है।

इस प्रकार केवल निष्कर्ष (3) निकलता है।

15. यदि $53 \div 31 = 2$, $45 \div 27 = 1$, $69 \div 32 = 3$, तो $97 \div 26 = ?$

(1) 1 (2) 2

(3) 3 (4) 4

उत्तर (2) 2

व्याख्या प्रश्नानुसार,

जिस प्रकार,

$$53 \div 31 = (5+3) \div (3+1) = 2$$
$$45 \div 27 = (4+5) \div (2+7) = 1$$
$$69 \div 32 = (6+9) \div (3+2) = 3$$

उसी प्रकार,

$$97 \div 26 \ (9+7) \div (2+6) = 2$$

प्रतिदिन हमारी वेबसाइट www.praganya.org से डाउनलोड करें।

16. नीचे एक अनुक्रम दिया गया है जिसमें एक आकृति लुप्त है। चार दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।

प्रश्न आकृति



उत्तर आकृति



(a) (b) (c) (d)

(1) a (2) b

(3) c (4) d

उत्तर (3) c

व्याख्या सभी आकृतियां एक–एक स्थान आगे दक्षिणावर्त खिसक रही हैं, अतः रिक्त स्थान पर उत्तर आकृति (c) में दी गई आकृति होगी।

17. निम्न विकल्पों में से उसे चुनिए जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है।



(a) (b) (c) (d)

(1) a (2) b

(3) c (4) d

उत्तर (2) b

व्याख्या उत्तर आकृति (b) को छोड़कर अन्य सभी आकृतियाँ समान भागों में विभाजित हैं।

18. निम्न में कौनसी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?

प्रश्न आकृति

उत्तर आकृति



(1) a (2) b

(3) c (4) d

उत्तर (2) b

व्याख्या उत्तर आकृति (b), प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

19. निम्न प्रश्न आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब चुनें–

प्रश्न आकृति



उत्तर आकृति



(1) a (2) b

(3) c (4) d

उत्तर (4) d

व्याख्या उत्तर आकृति (d) में दी आकृति, प्रश्न आकृति का दर्पण प्रतिबिम्ब होगी।

20. नीचे दिखाए गए उत्तर आकृतियों में से ज्ञात कीजिए कि कौनसा मोड़ा हुआ और पंच किया हुआ कागज खोलने पर बिना मोड़े पंच किए प्रश्न आकृति की तरह दिखाई देगी।

प्रश्न आकृति



उत्तर आकृति



(1) a (2) b

(3) c (4) d

उत्तर (2) b

व्याख्या यदि उत्तर आकृति (b) में दी गई आकृति को खोजा जाय, तो वह प्रश्नाकृति के समान दिखायी देगी।

21. एक पासे की नीचे की गई दो भिन्न शक्लों से ज्ञात करें कि सफेद के पीछे कौनसा रंग है?



(1) नीला (2) काला
(3) पीला (4) लाल

उत्तर (1) नीला

व्याख्या चूँकि दोनों स्थितियों में पीला एवं लाल कॉमन हैं।
इसलिए दोनों स्थितियों में शेष बचे रंग एक–दूसरे के विपरीत होंगे।
इसलिए सफेद के पीछे नीला होगा।

22. 11 संख्याओं का औसत 35 है। यदि प्रथम 6 संख्याओं का औसत 32 हो और अन्तिम 6 का 37 हो, तो छठी संख्या क्या है?

(1) 28 (2) 29
(3) 30 (4) 27

उत्तर (2) 29

व्याख्या प्रश्नानुसार,

$$\text{छठी संख्या} = 6 \times 32 + 6 \times 37 - 11 \times 35$$
$$= 192 + 222 - 385 = 29$$

23. 18 वस्तुओं का क्रय मूल्य 15 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत है–

(1) 15% (2) 20%

(3) 25% (4) 18%

उत्तर (2) 20%

व्याख्या प्रश्नानुसार,

$$\% \text{ लाभ } = \frac{(18 - 15)}{15} \times 100 = 20$$

24. यदि किसी राशि का 12% वार्षिक की दर से हर 6 महीने बाद जोड़े जाने वाले चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज का एक वर्ष का अन्तर ₹36 हो, तो वह राशि कितनी है?

(1) ₹10000 (2) ₹12000

(3) ₹15000 (4) ₹9000

उत्तर (1) ₹10000

व्याख्या प्रश्नानुसार,

$$\text{दर} = 12\%$$

$$\text{वार्षिक} = 6\% \text{ छमाही}$$

$$\text{समय } t = 1 \text{ वर्ष} = 2 \text{ छमाहियाँ}$$

माना वह राशि ₹ P है।

अतः
$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{P.r.t.}{100} = \frac{P \times 6 \times 2}{100} = \frac{12P}{100}$$

$$\text{चक्रवृद्धि ब्याज} = P\left[\left(1 + \frac{r}{100}\right)^t - 1\right]$$

$$= P\left[\left(\frac{106}{100}\right)^2 - 1\right]$$

$$= P\left[\left(\frac{53}{50}\right)^2 - 1\right]$$

$$= P\left[\frac{2809}{2500} - 1\right] = \frac{309P}{2500}$$

अतः
$$\frac{309P}{2500} - \frac{12P}{100} = 36$$

$$\frac{309P - 300P}{2500} = 36$$

$$\frac{9P}{2500} = 36$$

$$P = \frac{36 \times 2500}{9} = ₹10000$$

25. एक भवन निर्माता ने ₹2550 उधार लिए, जो उसे 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर दो वर्षों के अन्तराल से दो बराबर वार्षिक किश्तों में लौटाने थे, तब प्रत्येक किश्त कितने रूपये की होगी?

(1) ₹1352 (2) ₹1377

(3) ₹1275 (4) ₹1283

उत्तर (1) ₹1352

व्याख्या माना प्रत्येक किस्त ₹x की है।

अतः $\frac{x}{\frac{104}{100}} + \frac{x}{\left(\frac{104}{100}\right)^2} = 2550$

अतः $\frac{x}{\frac{26}{25}} + \frac{x}{\left(\frac{26}{25}\right)^2} = 2550$

अतः $\frac{25x}{26} + \frac{625x}{676} = 2550$

अतः $\frac{650x + 625x}{676} = 2550$

$$\frac{1275x}{676} = 2550$$

$$x = 2 \times 676 = ₹1352$$

26. साधारण ब्याज की किसी दर पर A ने ₹6000 B को 2 वर्ष के लिए तथा ₹1500 C को 4 वर्ष के लिए उधार दिए तथा उन दोनों से कुल मिलाकर ₹900 ब्याज प्राप्त किया, तो ब्याज की वार्षिक दर क्या थी?

(1) 5% (2) 6%

(3) 8% (4) 10%

उत्तर (1) 5%

व्याख्या माना ब्याज की दर $r\%$ वार्षिक है।

अतः प्रश्नानुसार,

$$\frac{6000 \times 2 \times r}{100} + \frac{1500 \times 4 \times r}{100} = 900$$

$$120r + 60r = 900$$

$$180r = 900$$

$$r = 5\%$$

$$= (30+15):(15+10)$$

$$= 45:25 = 9:5$$

27. यदि 372 सिक्के एक रूपये, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्कों के रूप में हैं तथा इनकी संख्या $13:11:7$ के अनुपात में है, तो 50 पैसे के सिक्कों की संख्या होगी–

(1) 132 (2) 128

(3) 136 (4) 133

उत्तर (1) 132

व्याख्या माना ₹, 50 पैसे, 25 पैसे के सिक्कों की संख्या $13x$, $11x$, $7x$ है।

$$13x + 11x + 7x = 372$$

$$31x = 372$$

$$x = \frac{372}{31} = 12$$

अतः 50 पैसे के सिक्कों की संख्या

$$= 11x = 11 \times 12 = 132$$

28. A, B और C के मासिक वेतन का अनुपात $2:3:5$ है। यदि C का मासिक वेतन A के मासिक वेतन से ₹1200 अधिक है, तो B का वार्षिक वेतन है

(1) ₹2400 (2) ₹14400

(3) ₹1200 (4) ₹2000

उत्तर (2) ₹14400

व्याख्या माना A, B, C के मासिक वेतन क्रमशः ₹$2x$, ₹$3x$, ₹$5x$ है।

अतः
$$5x - 2x = 1200$$
$$3x = 1200$$
$$x = \frac{1200}{3} = 400$$

अतः B का मासिक वेतन $= 3x = 3 \times 400 =$ ₹1200

अतः B का वार्षिक वेतन $= 1200 \times 12 =$ ₹14400

29. X, Y व Z एक व्यापार में $\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}$ के अनुपात में धन लगाते हैं। 4 माह पश्चात् X अपनी पूँजी में 50% की वृद्धि कर देता है। यदि वर्ष के अन्त में कुल लाभ ₹432000 हुआ, तो Y का भाग होगा

(1) ₹80000 (2) ₹95000

(3) ₹50000 (4) ₹65000

व्याख्या (1) ₹80000

व्याख्या प्रश्नानुसार,

$$X : Y : Z = P_1 t_1 : P_2 t_2 : P_3 t_3$$

$$= \left(\frac{7}{2} \times 4 + \frac{7}{2} \times \frac{150}{100} \times 8\right) : \left(\frac{4}{3} \times 12\right) : \left(\frac{6}{5} \times 12\right)$$

$$= 56 : 16 : \frac{72}{5} = 280 : 80 : 72$$

$$= 35 : 10 : 9$$

$$Y \text{ का भाग} = \frac{10}{35 + 10 + 9} \times 432000$$

$$= \frac{10}{54} \times 432000 = ₹\,80000$$

30. कमल यदि अपनी आय का 20% भोजन पर, 30% मकान किराये पर एवं 25% मनोरंजन एवं कपड़े पर खर्च करता है। इसके बाद उसके पास ₹750 बच जाते हैं, तो कमल की आय क्या थी?

(1) ₹2800 (2) ₹3000

(3) ₹3200 (4) ₹3500

उत्तर (2) ₹3000

व्याख्या

माना $x = 20\%,\ y = 30\%,\ z = 25\%$

तथा $m = 750$

$$\text{तब कमल की आय} = \frac{m \times 100}{100 - (x + y + z)}$$

$$= \frac{750 \times 100}{100 - (20 + 30 + 25)}$$

$$= \frac{750 \times 100}{25} = ₹3000$$

31. अणुव्रत सिद्धांत का प्रतिपादन किया था–

(1) महायान बौद्ध संप्रदाय ने (2) हीनयान बौद्ध संप्रदाय ने

(3) जैन धर्म ने (4) लोकायत शाखा ने

उत्तर (3) जैन धर्म ने

व्याख्या जैन धर्म में पंच महाव्रत–अंहिसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अस्तेय एवं अपरिग्रह की व्यवस्था की गई है। जैन धर्म में गृहस्थों के लिए पंच महाव्रत अणुव्रत के रूप में व्यवहृत हुआ है, क्योंकि संसार में रहते हुए इन महाव्रतों का पूर्णतः पालना करना संभव नहीं। इसलिए आंशिक रूप से इनके पालन के लिए कहा गया– (1) अहिंसाणुव्रत (2) सत्याणु व्रत (3) अस्तेयाणुव्रत,(4) ब्रह्मचर्याणुव्रत, (5) अपरिग्रहाणुव्रत।

32. कौटिल्य प्रधानमंत्री थे–

(1) चंद्गुप्त विक्रमादित्य के
(2) अशोक के
(3) चंद्रगुप्त मौय के
(4) राजा जनक के

उत्तर (3) चंद्रगुप्त मौय के

व्याख्या चंद्रगुप्त मौय के जीवन निर्माण में कौटिल्य का महत्त्वपूर्ण योगदान था। वह इतिहास में विष्णुगुप्त तथा चाणक्य इन दो नामों से भी विख्यात थे। जब चंद्रगुप्त मौर्य भारत का एकछत्र सम्राट बना तो कौटिल्य प्रधानमंत्री, महामंत्री तथा प्रधान पुरोहित के पद पर आसीन हुए। वे राजनीति शास्त्र के प्रकांड पंडित थे और उन्होंने राजनीति शास्त्र पर अर्थशास्त्र नाम प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की थी। यह भारत में राजशासन के ऊपर उपलब्ध प्राचीनतम रचना है।

33. किस अभिलेख में रूद्रदामन प्रथम की विभिन्न उपलब्धियां वर्णित हैं?

(1) जूनागढ़
(2) भीतरी
(3) नासिक
(4) सांची

उत्तर (1) जूनागढ़

व्याख्या गुजरात के जूनागढ़ से रूद्रदामन का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है यह जिस शिला पर उत्कीर्ण है उसी पर अशोक के चौदह प्रज्ञापनों की एक प्रति तथा स्कंदगुप्त के दो लेख भी खुदे हुए हैं। यह विशुद्ध संस्कृत भाषा तथा ब्राह्मी लिपि में लिखा गया है। इसमें रूद्रदामन की वंशावली, विजयों, शासन, व्यक्तित्व आदि पर सुंदर प्रकाश डाला गया है। इस अभिलेख का मुख्य उद्देश्य सुदर्शन झील के बांध के पुनर्निर्माण का विवरण सुरक्षित रखना था।

34. निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा एक सही सुमेलित है?

	भौगोलिक पठार	**प्रदेश**
(a)	एबिसिनी पठार	अरब
(b)	एटलस पर्वत	उत्तर–पश्चिमी

(c)	गुयाना उच्चभूमि	दक्षिण–पश्चिमी अफ्रीका
(d)	ओकावांगो द्रोणी	पैंटागोनिया

उत्तर (b)

व्याख्या एटलस पर्वतीसय पठार अफ्रीका के उत्तर पश्चिम में अवस्थित है। यह पर्वतीय पठान 1930 किमी. लंबा है। एटलस पर्वत की सबसे ऊँची चोटी जेबेल टाउष्काल है जो समुद्रतल से 4165 मीटर ऊँची है। एबिसिनी पठार पूर्वी अफ्रीका के इथोपिया एवं सोमालिया देशों में अवस्थित है और गुयाना उच्च भूमि पश्चिम अफ्रीका में स्थित पठारी भाग है।

35. निम्नलिखित में से कौन–सा शहर नहरों का शहर कहलाता है–

(1) एम्स्टरडम (2) रोम

(3) वेनिस (4) एथेंस

उत्तर (3) वेनिस

व्याख्या वेनिस को नहरों का शहर कहा जाता है। यह इटली में अवस्थित है। वेनिस वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल है। रोम को सात पहाड़ियों का नगर, कहा जाता है।

36. निम्नलिखित में से किस स्थल को यूनेस्को की विश्व विरासत के स्थलों की सूची में शामिल किया गया हैं–

(1) चिलका झील (2) डल झील

(3) नागिन झील (4) सुन्दरबन नेशनल पार्क

उत्तर (4) सुन्दरबन नेशनल पार्क

व्याख्या सुंदरबन नेशनल पार्क (1987) को यूनेस्कों की विश्व विरासत के स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में केवलादेव राष्ट्रीय पार्क, काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क और मानस वन्य जीव अभयारण्य को 1985 में तथा नंदा देवी राष्ट्रीय अभयारण्य को 1988 में सम्मिलित किया गया है।

37. अम्टूबर और नवंबर के महीनों में भारी वर्षा होती है–

(1) गारो, खासी तथा जैंतिया की पहाड़ियों में

(2) छोटा नागपुर पठार में

(3) कोरोमंडल तट पर

(4) मालवा पठार में

उत्तर (3) कोरोमंडल तट पर

व्याख्या निवर्तित मानसून बंगाल की खाड़ी से जलवाष्प ग्रहण कर पूर्वी तटीय भागों में वर्षा करता है। भारत में शरद ऋतु अर्थात अक्टूबर नवंबर में लौटते मानसून (उत्तर–पूवी–मानसून) से तमिलनाडु तट (कोरोमंडल) पर 65–75 सेमी. तक वर्षा होती है जो आंतरिक भागों की तरफ घटती जाती है।

38. निम्न में से कौन–सा, भारत के पूर्वी तट का एक मुख्य बंदरगाह (पत्तन) हैं–

(1) कांडला (2) विशाखापट्टनम

(3) करीकल (4) पांडिचेरी (पुडुचेरी)

उत्तर (2) विशाखापट्टनम

व्याख्या कोलकाता, हल्दिया, पारादीप, विशाखापट्टनम, चेन्नई, एन्नोंर एवं तूतीकोरिन पूर्वी तट के मुख्य बंदरगाह हैं। मुंबई, कांडला एवं न्यूमंगलौर पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाह हैं। कांडला (गुजरात) पश्चिमी तट का प्रमुखय बंदरगाह है जो कि कच्छ की खाड़ी में पड़ता है। जबकि पांडिचेरी, करीकल व विशाखापत्तनम पूर्वी तट पर स्थित है, किंतु प्रश्न में पूर्वी तट के प्रमुख बंदरगाह की बात कर रहा है। अतः विशाखापत्तनम उत्तर होगा क्योंकि करीकल व पांडिचेरी प्रमुख बंदरगाहों में शामिल नहीं हैं।

39. अंग्रेजी भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई?

(1) नवंबर, 1856
(2) दिसंबर, 1856
(3) जनवरी, 1857
(4) फरवरी, 1857

उत्तर (2) दिसंबर, 1856

व्याख्या दिसंबर 1856 में सरकार ने पुराने लोहे वाली बंदूक ब्राउन बेस (Brown Bess) के सीनि पर नवीन एनफील्ड राइफल (New Enfield Rifle) के प्रयोग का निर्णय लिया। इसका प्रशिक्षण डम-डम, अम्बाला और स्यालकोट में दिया जाना था। इस नई राइफल में कारतूस के उपरी भाग को मुँह से काटना पड़ता था। जनवरी, 1857 में बंगाल सेना में यह अफवाह फैल गई कि चर्बी वाले कारतूस में गाय और सूअर की चर्बी है। सैनिक अधिकारियों ने इस अफवाह की जांच किए बिना तुरंत इसका खंडन कर दिया, किंतु सैनिकों को विश्वास हो गया कि चर्बी वाले कारतूसों का प्रयोग उनके धर्म को भ्रष्ट करने का एक निश्चित प्रयत्न है। यही भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण बना।

40. ब्रह्म समाज की स्थापना हुई थी, वर्ष–

(1) 1827 (2) 1829

(3) 1831 (4) 1843

उत्तर (2) 1829

व्याख्या राजा राममोहन राय ने 20 अगस्त, 1828 को ब्रह्म सभा नाम से एक नए समाज की स्थापना की, जिसे आगे चलकर ब्रह्म समाज के नाम से जाना गया। इस समाज ने मूर्ति पूजा का विरोध किया और एक ब्रह्म की पूजा का उपदेश दिया। यह ऐसे लोगों की जमात थी जो ईश्वर की एकता में विश्वास करते थे और मूर्ति पूजा से अलग रहते थे। इस नवीन धर्म में सामाजिक रीति–रीवाजों एवं धार्मिक कर्मकांडो के लिए कोई स्थान नहीं था। ब्रह्म समाज ने रंग, वर्ण अथवा मत पर विचार किए बिना मानवमात्र के प्रति प्रेम तथा जीवन की उच्चतम विधि के रूप में मानवता की सेवा पर बल दिया। समाज के सिद्धातों के मुख्य आधार थे– मानव विवेक, वेद और उपनिषद।

41. सरकार की निम्न प्रणालियों में से किसमें द्विसदन पद्धति एक अनिवार्य लक्षण है?

(1) संसदीय प्रणाली (2) राष्ट्रपति प्रणाली

(3) संघीय प्रणाली (4) एकात्मक प्रणाली

उत्तर (3) संघीय प्रणाली

व्याख्या संघीय प्रणाली में केन्द्रित विधायिका दो सदन वाली होती है। यहां निम्न सदन में जनता का प्रतिनिधित्व होता है जबकि उच्च सदन में प्रांतों का प्रतिनिधित्व होता हैं इसलिए संघीय शासन प्रणाली में द्विसदनीय पद्धति एक अनिवार्य लक्षण है।

42. विश्व में सबसे बड़ा संविधान किस देश का हैं?

(1) भारत (2) अमेरिका
(3) ब्रिटेन (4) फ्रांस

उत्तर (1) भारत

व्याख्या विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान भारत का संविधान है। इसमें मूलतः 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थीं। वर्तमान में 395 अनुच्छेद व 12 अनुसूचियां हैं।

43. भारत में अवशिष्ट शक्तियां निहित हैं–

(1) केंद्रीय सरकार में
(2) राज्य सरकार में
(3) केंन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार दोनों में
(4) स्थानीय शसन में

उत्तर (1) केंद्रीय सरकार में

व्याख्या भारत में अवशिष्ट शक्तियां केंद्रीय सरकार में निहित की गई हैं। संविधान के अनुच्छेद 248 के अनुसार, अवशिष्ट शक्ति अर्थात् ऐसे विषय पर, जो संघ, राज्य या समवर्ती सूची में शामिल नहीं हैं, विधि बनाने के शक्ति संघीय विधान मंडल में निहित होगी।

44. निम्न में से किस रंग का सबसे लम्बा तरंग दैर्ध्य है?

(1) हरा (2) पीला
(3) नीला (4) लाल

उत्तर (4) लाल

व्याख्या लाल रंग का तरंग दैर्ध्य सबसे अधिक होता है जिसका मान 7.5×10^{-5} सेमी. होता है। बैंगनी रंग का तरंग दैर्ध्य सबसे कम होता है जिसका मान 4×10^{-5} सेमी. होता है।

45. श्वेत प्रकाश को नली में कैसे पैदा करते हैं?

(1) तांबे के तार को गर्म करके
(2) तन्तु को गर्म करके
(3) परमाणु को उत्तेजित करके
(4) अणुओं को दोलित कर

उत्तर (2) तन्तु को गर्म करके

व्याख्या नलिका में भरी आर्गन गैस तथा पारे की वाष्प में विसर्जन प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक हो जाता है कि दोनों तन्तुओं को गर्म किया जाए। जब तन्तु गर्म हो जाते हैं तो नली में श्वेत प्रकाश उत्पन्न हो जाता है।

46. भारतीय सुपर कम्प्यूटर का नाम है–

(1) शुभम
(2) परम
(3) एस. एक्स–2
(4) बी.बी.सी–माइक्रो

उत्तर (2) परम

व्याख्या परम पुणे स्थित प्रगत संगणन विकास केन्द्र (C-DAC) द्वारा डिजाइन एवं विकसित किए गए भारतीय सुपर कम्प्यूटरों की एक श्रृंखला है। इस श्रृंखला की नवीनतम मशीन **परम युवा–II** है। सी–डैक द्वारा ही विकसित **परम पद्म** भारत का प्रथम टेराफ्लॉप सुपर कम्प्यूटर था।

47. निम्नलिखित में सबसे भारी धातु है–

(1) तांबा
(2) यूरेनियम
(3) एल्युमिनियम
(4) चांदी

उत्तर (2) यूरेनियम

व्याख्या सबसे भारी प्राकृतिक तत्व यूरेनियम है, जिसका परमाणु भार 238.03 तथा इसका घनत्व 19.05 ग्राम प्रति घन सेमी. होता है।

48. विद्युत तापी साधन के लिए तापी घटक बनाने के लिए, जिस मिश्रधातु का प्रयोग किया जाता है, वह कौनसी है?

(1) सोल्डर (2) मिश्रधातु इस्पात

(3) नाइक्रोम (4) जर्मन सिल्वर

उत्तर (3) नाइक्रोम

व्याख्या धारा का ऊष्मीय प्रभाव इलेक्ट्रिक आयरन, रूम हीटर, वाटर हीटर जैसे विद्युत तापीय उपकरणों में प्रयुक्त होता है। ये तापन उपकरण उच्च प्रतिरोधी तार की कुंडलियों से संचालित होते हैं। जो कि नाइक्रोम मिश्रधातु के बने होते हैं।

49. मानव शरीर में प्रचुर मात्रा में कौनसा तत्व है?

(1) कार्बन (2) आयरन

(3) नाइट्रोजन (4) ऑक्सीजन

उत्तर (4) ऑक्सीजन

व्याख्या सजीव पदार्थ के संयोजन में लगभग 36 तत्व भाग लेते हैं जिसमें ऑक्सीजन की मात्रा सर्वाधिक (62.00%) होती है। कार्बन (20%) हाइड्रोजन (10.00%) और नाइट्रोजन (3.00%) होता है।

50. विटामिन B_6 की कमी से पुरुष में हो सकता है–

(1) रिकेट्स
(2) स्कर्वी
(3) बेरी–बेरी
(4) अरक्ता

उत्तर (4) अरक्तता

व्याख्या विटामिन B_6 का दूसरा नाम पाइरिडॉक्सिन है। इसका प्रमुख स्त्रोत दूध, यीस्ट, अनाज, मांस, जिगर, मछली इत्यादि है। इसकी कमी से अरक्तता (Anaemia) हो जाती है। यह लाल रुधिराणुओं तथा प्रतिरक्षी प्रोटीन के बनने की प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है।

1. रिकेट्स– विटामिन D की कमी से
2. स्कर्वी– विटामिन C की कमी से
3. बेरी–बेरी– विटामिन B_1 की कमी से।

51. गुर्दे की निस्यंदन इकाई कौनसी होती है?

(1) एक्सॉन
(2) नेफ्रॉन
(3) न्यूरॉन
(4) पीत फाइबर

उत्तर (2) नेफ्रॉन

व्याख्या हर गुर्दे में लगभग 10 लाख वृक्काणु (Nephron) होते हैं जिनमें से हर वृक्काणु मूत्र बनाने वाली एक स्वतंत्र इकाई होता है। गुर्दे की कार्यात्मक इकाई के रूप में वृक्काणु रक्त का प्रारंभिक निस्यंदन पूर्ण करके, निस्यंद से उन पदार्थों का दोबारा अवशोषण कर लेते हैं जो शरीर की लिए उपयोगी होते हैं तथा व्यर्थ पदार्थ मूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

प्रतिदिन हमारी वेबसाइट www.praganya.org से डाउनलोड करें।

52. स्टारफिश के परिसंचरण तंत्र को क्या कहा जाता है?

(1) जठर वाही तंत्र (2) जलवाही तंत्र

(3) हीमल तंत्र (4) नाल तंत्र

उत्तर (3) हीमल तंत्र

व्याख्या स्टारफिश में परिसंचरण 3 स्थानों पर सम्पन्न होता है–

1. पेरिविसेरल कोएलम
2. जल वाही तंत्र
3. हीमल तंत्र।

53. 6-7 सितम्बर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किस पड़ौसी देश की यात्रा पर रहे?

(1) भूटान (2) चीन

(3) रूस (4) म्यांमार

उत्तर (4) म्यांमार

व्याख्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति महामहिम यू हतिन क्याव को साल्वीन नदी के विस्तार वाला 1841 के एक नक्शे की पुनर्निर्मित प्रति भेंट की। प्रधानमंत्री ने म्यांमार के राष्ट्रपति को एक बोधि वृक्षि की मूर्ति भी भेंट की।

54. नेपाल के नए प्रधानमंत्री कौन है जो 23–27 अगस्त, 2017 को भारत की राजनयिक यात्रा पर रहे?

(1) शेरबहादुर देउबा (2) शाहिद खकान अब्बासी
(3) यिंगलुक शिनवात्रा (4) प्रयुत चान ओचा

उत्तर (1) शेरबहादुर देउबा

व्याख्या जून, 2017 में प्रधानमंत्री बने शेर बहादुर देउबा की यह पहली विदेश यात्रा थी। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और नेपाली समकक्ष शेरबहादुर के साथ कुल 8 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। मोदी और देउबा ने कटैया–कुसहा और रक्सौल–परवानीपुर ट्रांसमिशन लाइनों का उद्घाटन किया जिनसे नेपाल को एक सौ मेगावाट अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी। भूकंप से तबाही में एक अरब डॉलर की मदद के तहत नेपाल में 50000 घर बनाने, शिक्षा, सांस्कृतिक विरासत, स्वास्थ्य पर चार करार। नशाखोरी रोकथाम के तहत नार्कोटिक्स ड्रग्स की तरस्करी रोकने में सहयोग।

55. सितम्बर, 2017 में यूएस ओपन प्रतियोगिता के पुरुष एकल का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?

(1) राफेल नडाल (2) केविन एंडरसन
(3) रोजर फेडरर (4) स्लोन स्टीफंस

उत्तर (1) राफेल नडाल

व्याख्या स्पेन के राफेल नडाल ने दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन को पराजित करके तीसरा यूएस ओपन व ओवरऑल 16वाँ ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। राफेल नडाल से अब ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में सिर्फ स्विट्जरलैण्ड के रोजर फेडरर ही आगे है। फेडरर के नाम 19 ग्रैंड स्लैम खिताब है।

56. 28 मार्च, 2017 को किस भारतीय अमरिकी महिला को **द लीडरशिप कॉन्फ्रेंस ऑन सिविल एंड ह्यूमन राइट्स** की अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

(1) वनीता गुप्ता (2) रानी मृदुला खेर
(3) कृतिका भाटिया (4) अन्वी शर्मा

उत्तर (1) वनीता गुप्ता

57. 26 जनवरी, 2017 को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन बने?

(1) शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नहयाम
(2) बराक ओबामा
(3) शेख हसीना
(4) शी–जिनपिंग

उत्तर (1) शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नहयाम

58. रोटा वायरस वैक्सीन के प्रभाव की जाँच हेतु दूसरे चरण में राज्य के कितने जिलों का चयन किया गया है?

(1) तीन (2) सात
(3) ग्यारह (4) पन्द्रह

उत्तर (1) तीन

व्याख्या भारत बॉयोटेक कम्पनी की ओर से बनाए गये रोटा वायरस वैक्सीन के राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में सम्मिलित करने के बाद वैक्सीन के दुष्प्रभाव जानने के लिए प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में जोधपुर, जयपुर और उदयपुर मेडिकल कॉलेज को चुना गया।

59. केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने किस योजना के अन्तर्गत राजस्थान के ऐतिहासिक किलों व विभिन्न पुरातत्व धरोहरों व पर्यटन महत्व के स्थलों के हेरिटेज विकास व विस्तार कार्यों के लिए ₹99.60 करोड़ की मंजूरी 3 जुलाई, 2017 को प्रदान की?

(1) स्वदेश दर्शन योजना

(2) पुरातत्व संरक्षण व विकास योजना

(3) पुरास्थल संरक्षण योजना

(4) स्वदेश दर्शन व संरक्षण योजना

उत्तर (1) स्वदेश दर्शन योजना

व्याख्या स्वदेश दर्शन योजना के तहत् उक्त राशि से राजस्थान के ऐतिहासिक किलों व विभिन्न पुरातत्व धरोहरों व पर्यटन महत्त्व के स्थलों के हेरिटेज विकास हेतु जिन स्थलों का चयन किया गया है, उनमें कुम्भलगढ़ दुर्ग (राजसमंद), नाहरगढ़ किला (जयपुर), बाला किला (अलवर), रणथम्भौर दुर्ग (सवाईमाधोपुर), खण्डार फोर्ट (सवाईमाधोपुर), गागरोन दुर्ग (झालावाड़), चित्तौड़गढ़ दुर्ग, जैसलमेर फोर्ट, भटनेर दुर्ग (हनुमानगढ़), कालीबंगा (हनुमानगढ़), जालौर किला, प्रताप गौरव केन्द्र (उदयपुर), धौलपुर के बाग ए नीलोफर, पुरानी छावनी (धौलपुर), मीराबाई स्मारक (मेड़ता, नागौर), गोगामेड़ी (हनुमानगढ़), फेसाड एल्यूमिनेशन ऑफ जयपुर सिटी पार्ट–वन व पार्ट–टू शामिल हैं।

60. राजस्थान के बेस्ट क्रिकेटरों को दिए जाने वाले 24वें मथुरादास माथुर अवार्ड के संबंध में निम्न विकल्पों में से कौन सुमेलित नहीं है–

(1) सीनियर वर्ग – महिपाल लोमरोर (नागौर)

(2) जूनियर वर्ग (अंडर–19) – कमलेश नागरकोटी (जयपुर)

(3) सब–जूनियर वर्ग (अंडर–16) – करण लाम्बा (नागौर)

(4) उपर्युक्त सभी

उत्तर (4) उपर्युक्त सभी

व्याख्या मथुरादास माथुर अवार्ड राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी द्वारा दिया जाता है। यह अवॉर्ड 1994 में शुरू किया गया था। सबसे पहले यह अवॉर्ड राजस्थान के पूर्व कैप्टेन गगन खोड़ा को दिया गया था।

61. श्री मोतीलाल तेजावत ने अहिंसक एकी आंदोलन का श्रीगणेश किन गांवों में किया?

(1) लावा व कुलधरा

(2) पीलूपुरा व कारगारी

(3) झाड़ोल व फलसिया

(4) रोहिड़ा व खानपुरा

उत्तर (3) झाड़ोल व फलसिया

व्याख्या एकी आंदोलन का श्री गणेश 1921 ई. में हुआ।

62. सगौजी व सगीजी क्या है?

(1) दो नृत्यों के नाम

(2) दो पात्रों के नाम

(3) दो ग्रन्थों के नाम

(4) दो पर्वों के नाम

उत्तर (2) दो पात्रों के नाम

व्याख्या सगौजी व सगीजी भवाई नृत्य के दो पात्रों के नाम हैं। यह व्यावसायिक किस्म का लोकनाट्य है। जो सगौजी व सगीजी के रूप में भोपा–भोपियों के द्वारा किया जाता है।

63. वह नदी जो कर्क रेखा को दो बार पार करती है–

(1) लूनी (2) माही

(3) चम्बल (4) बेड़च

उत्तर (2) माही

व्याख्या माही नदी के प्रवाह क्षेत्र को छप्पन का मैदान भी कहते हैं।

64. पाप हत्तस अंकन वाली मुद्रा कहाँ से प्राप्त हुई है?

(1) सुनारी (2) सोथी

(3) नोह (4) डाडाथोरा

उत्तर (3) नोह

व्याख्या नोह भरतपुर जिले में स्थित है। नोह पुरातत्विक स्थल रूपारेल नदी के किनारे स्थित है। यहाँ से आर्य सभ्यता, ताम्रयुगीन सभ्यता, महाभारत, काल कृषाण एवं मौर्य युगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इसका महत्त्वपूर्ण योगदान लौह युग के विकास से जुड़ा हैं।

65. पार्श्वनाथ जैन धर्म में 23 वें तीर्थकार एवं प्रथम ऐतिहासिक तीर्थकर के रूप में जाने जाते हैं। उनका पीले पत्थर से निर्मित चिंतामणि पार्श्वनाथ का मंदिर राजस्थान में कहाँ स्थित है–

(1) लोद्रवा (2) जैसलमेर

(3) कोटा (4) भरतपुर

उत्तर (1) लोद्रवा

व्याख्या लोद्रवा भाटी राजपूतों का प्राचीन राजधानी है, जहाँ चिंतामणि पार्श्वनाथ का मंदिर पीले पत्थर से बना हुआ है। (लोद्रवा जैसलमेर में है)

66. उदयपुर झीलों की नगरी कहलाता है, उदयपुर में बहुत सी झीलें हैं, निम्न में से कौन–सी झील उदयपुर शहर में नहीं है–

(1) पिछोला झील (2) फतेहसागर झील

(3) स्वरूप सागर (4) जयसमंद

उत्तर (4) जयसमंद

व्याख्या जयसमन्द झील राजस्थान की मीठे पानी की सबसे बड़ी झील है। यह झील उदयपुर शहर से 51 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में स्थित है।

67. 1857 की क्रांति के शहीद मेहराब खां किस जिले के निवासी थे?

(1) कोटा (2) करौली

(3) पाली (4) अजमेर

उत्तर (2) करौली

व्याख्या अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ सेना के विद्रोह को संगठित व नेतृत्व करने वाले कोटा स्टेट आर्मी में रिसालदार मेहराब खां का जन्म तत्कालीन कोटा स्टेट के करौली में 11 मई, 1815 को हुआ था।

68. निम्न में से किस लोक देवता ने राव जोधा को मंड़ौर जीतने के लिए अपना आशीर्वाद एवं कटार प्रदान की–

(1) रामदेव जी (2) गोगाजी

(3) हड़बू जी (4) तेजाजी

उत्तर (3) हड़बू जी

व्याख्या हड़बू जी राव जोधा के समकालीन थे। इन्होंने राव जोधा को मेवाड़ के अधिकार (उस समय कुंभा का शासन था) से मंड़ौर को मुक्त कराने के लिए अपना आशीर्वाद एवं कटार भेंट की थी।

69. निम्न में से असंगत बताइये–
(1) राज्य की पहली महिला राज्यसभा सदस्य – शारदा भार्गव
(2) राज्य की पहली महिला लोकसभा सदस्य – गायत्री देवी
(3) राज्य की पहली महिला केन्द्रीय मंत्रिमंडल सदस्य – गिरिजा व्यास
(4) राज्य की अनुसूचित जनजाति की प्रथम महिला लोकसभा सदस्य – रीता भार्गव

उत्तर (4) राज्य की अनुसूचित जनजाति की प्रथम महिला लोकसभा सदस्य – रीता भार्गव

व्याख्या राजस्थान के अनुसूचित जनजाति की प्रथम महिला लोकसभा सदस्य श्रीमती उषा देवी मीणा (सवाई माधोपुर) से 1996 में चुनी गई। राजस्थान से अनुसूचित जाति की प्रथम महिला लोकसभा सदस्य सुशीला बंगारू (जालौर) से 2004 में चुनी गई।

70. राजमहल का युद्ध कब लड़ा गया?
(1) 1647 ई. (2) 1747 ई.
(3) 1657 ई. (4) 1757 ई.

उत्तर (2) 1747 ई.

व्याख्या 1747 ई. में टोंक जिले के राजमहल के मैदान में हुए इस युद्ध में जयपुर के महाराजा ईश्वरी सिंह ने माधोसिंह की मेवाड़ एवं कोटा की संयुक्त सेना को पराजित किया।

71. भाद्रपद द्वितीया से एकादशी तक किस लोकदेवता के मेले का आयोजन जैसलमेर जिले में होता है?
(1) रामदेव जी (2) पाबूजी
(3) तेजाजी (4) गोगाजी

उत्तर (1) रामदेव जी

व्याख्या रामदेव जी का मेला साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रतीक माना जाता है, जो रामदेवरा (जैसलमेर) में भरता है।

72. राजस्थान की सबसे अधिक अन्तर्राज्जीय सीमा मध्यप्रदेश से लगती है (1600 किलोमीटर)। इसी संदर्भ में सबसे कम सीमा किस राज्य से लगती है?

(1) पंजाब (2) उत्तर प्रदेश

(3) गुजरात (4) हरियाणा

उत्तर (1) पंजाब

व्याख्या पंजाब एवं राजस्थान के मध्य सीमा 89 किमी. है।

73. सिसोदिया सत्ता की पुनः स्थापना किसने की थी?

(1) क्षेत्रसिंह (1354–1380)

(2) राणा हम्मीर (1326–1364)

(3) लक्ष्यसिंह (1380–1420)

(4) रत्नसिंह (1326–1364)

उत्तर (2) राणा हम्मीर (1326–1364)

व्याख्या 1326 ई. में हम्मीर सिसोदिया ने तुर्कों को पराजित कर सिसोदिया वंश की पुनः स्थापना की। हम्मीर सिसोदिया के शासन काल में दिल्ली के शासक मोहम्मद बिन तुगलक ने मेवाड़ पर आक्रमण किया, जिसे हम्मीर ने विफल कर दिया।

74. वे संत जो बचपन में साबरमती नदी में बहते हुए लोदीराम नाम के ब्राह्मण को मिले–

(1) कबीर (2) दादू

(3) सुन्दरदास (4) चरणदास

उत्तर (2) दादू

व्याख्या राजस्थान के कबीर जिनका जन्म अहमदाबाद (गुजरात) में हुआ, ये लोदीराम नामक ब्राह्मण को साबरमती नदी में बहते हुए मिले।

75. वह नदी जो राजस्थान में चौरासीगढ़ (चित्तौड़गढ़) के पास से प्रवेश करती है, वह कहलाती है–

(1) राजस्थान की कामधेनू
(2) वन की आशा
(3) नमकीन नदी
(4) दक्षिणी राजस्थान की स्वर्ण रेखा

उत्तर (1) राजस्थान की कामधेनू

व्याख्या चम्बल नदी मध्यप्रदेश में जनापाव पहाड़ियों से निकलकर राजस्थान के चौरासीगढ़ में प्रवेश करती है। इसे चर्मण्यवती, राजस्थान की कामधेनू आदि उपनामों से जाना जाता है।

76. हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर उपस्थित नहीं था, यह युद्ध उसके सेनापति मानसिंह एवं आसफ खाँ के नेतृत्व में लड़ा गया था। इस युद्ध के पश्चात् अकबर कब गोगुन्दा आया ताकि प्रताप पर और अधिक दबाव बनाया जा सके?

(1) अगस्त, 1576
(2) अक्टूबर, 1576
(3) जनवरी, 1577
(4) 1578 ईस्वी.

उत्तर (2) अक्टूबर, 1576

व्याख्या अपने सेनापतियों के विफल होने पर अकबर स्वयं 13 अक्टूबर, 1576 को गोगुन्दा आया ताकि प्रताप पर दबाव बनाया जा सके।

77. निम्न में से कौन–सा रीति–रिवाज विवाह से संबंधित है–

(1) बंदोली
(2) सुआ
(3) अन्न प्राशन
(4) संथारा

उत्तर (1) बंदोली

व्याख्या बंदोली विवाह से संबंधित एक प्रमुख रीति–रिवाज है। इसमें विवाह के दिन या उससे एक दिन पूर्व वर/वधू की थाल में दीपक रखकर आरती उतारी जाती है।

78. राजस्थान में मावठ शीत ऋतु में होती है, इस वर्षा से राजस्थान कितने प्रतिशत वर्षा प्राप्त करता है?

(1) 3% (2) 10%

(3) 15% (4) 20%

उत्तर (2) 10%

व्याख्या राजस्थान में मावठ (शीतकालीन वर्षा) भूमध्य सागरीय/पश्चिमी विक्षोभों से होती है। इस शीतकालीन वर्षा से राजस्थान अपनी कुल वर्षा का 10% प्राप्त करता है।

79. निम्नांकित में से कन्या वध के विरूद्ध कानून बनाने वाला पहला जिला/रियासत कौन-सी थी-

(1) बीकानेर (2) जयपुर

(3) जोधपुर (4) कोटा

उत्तर (4) कोटा

व्याख्या कन्यावध एक सामाजिक बुराई थी, जिसका उल्लेख कर्नल टॉड़ सदरलैण्ड़, लुडलो, श्यामलदास, ओझा एवं विश्वेश्वर नाथ रेऊ ने की है। राजस्थान में सर्वप्रथम कोटा राज्य ने 1834 ईस्वी में कन्या वध को गैर-कानूनी घोषित किया।

80. बरवा डूंगरी की तलहटी में किस लोकदेवी का मंदिर है?

(1) आई माता (2) नारायणी माता

(3) शीतला माता (4) शिला देवी

उत्तर (2) नारायणी माता

व्याख्या बरवा डूंगरी की तलहटी (राजगढ़, अलवर) में नारायणी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। नारायणी माता नाइयों की कुल देवी है।

81. भारत में टंगस्टन की एक मात्र खान राजस्थान में है, यह किस जिले में है?

(1) शाहपुरा (2) डेगाना
(3) अलवर (4) नागौर

उत्तर (4) नागौर

व्याख्या भारत में टंगस्टन की एक मात्र खान डेगाना में है, जो नागौर जिले में है।

82. सुमेलित कीजिए– **(कुंभा से संबंधित उपाधियाँ)**

	सूची–I		**सूची–II**
a	राणो रासो	1	राजनीति में दक्ष
b	हाल गुरू	2	पहाड़ी दुर्गों का स्वामी
c	राजगुरू	3	छापामार युद्ध प्रणाली में पारंगत
d	छापगुरू	4	साहित्यकारों का आश्रयदाता

(1) a-4, b-2, c-1, d-3 (2) a-4, b-1, c-2, d-3
(3) a-1, b-2, c-3, d-4 (4) a-3, b-4, c-1, d-2

उत्तर (1) a-4, b-2, c-1, d-3

83. कांकणवाडी का किला स्थित है–

(1) अलवर में (2) जयपुर में
(3) सरिस्का में (4) उदयपुर में

उत्तर (3) सरिस्का में

व्याख्या कांकणवाडी (कांकवाडी) का किला सरिस्का अभ्यारण्य (अलवर) में स्थित है।

84. माही नदी का उद्गम स्थल मेहद झील (मध्यप्रदेश) है, इसका राजस्थान में प्रवेश किस जिले से होता है?

(1) खांदू (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) सिरोही

उत्तर (2) बाँसवाड़ा

व्याख्या माही नदी का राजस्थान में प्रवेश बाँसवाड़ा जिले के खांदू नामक गाँव से होता है। माही नदी को वागड की गंगा एवं कांठल की गंगा भी कहते है।

85. किस किसान आंदोलन को मेवाड़ महाराणा फतेहसिंह ने बोल्शेविक की संज्ञा दी?

(1) बिजोलिया (2) बेंगू
(3) बूंदी (4) बरड़

उत्तर (2) बेंगू

व्याख्या बेंगू वर्तमान में चित्तौड़गढ़ जिले में है, तत्समय मेवाड़ रियासत का एक ठिकाना था। श्री रामनारायण चौधरी (राजस्थान सेवा संघ) के प्रयासों से 1922 ईस्वी में बेंगू के ठिकानेदार अनूपसिंह एवं किसानों के मध्य समझौता हुआ, जिसे मेवाड़ महाराणा फतेहसिंह ने बोल्शेविक की संज्ञा दी और इस समझौते को मानने से इंकार कर दिया।

86. राजस्थान में दधिमाता का मन्दिर कहाँ स्थित है?

(1) अजमेर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) नागौर

उत्तर (4) नागौर

व्याख्या **दधिमाता का मन्दिर–** यह नागौर जिले के गोठ मांगलोद गाँव में स्थित है, जहाँ जिप्सम सर्वाधिक निकलता है।

87. राजस्थान का क्षेत्रफल किस देश के क्षेत्रफल के लगभग समान है?

(1) श्रीलंका (2) इंग्लैण्ड
(3) इजराइल (4) जापान

उत्तर (4) इजराइल

व्याख्या राजस्थान का क्षेत्रफल जापान के लगभग समान इंग्लैण्ड से दुगुना चेकोस्लोवाकिया से तीन गुना, श्रीलंका से पाँच गुना तथा इजराइल से 17 गुना है।

88. निम्न में से असंगत बताइये–

(1) एकलिंग महात्मय – कान्ह व्यास
(2) वास्तुमंजरी – मण्डन
(3) उद्धार–धोरिणी – गोविन्द
(4) देवमूति–प्रकरण – मण्डन

उत्तर (2) वास्तुमंजरी – मण्डन

व्याख्या वास्तुमंजरी नामक ग्रंथ के रचियता नाथा थे, जो प्रमुख शिल्पी मंडन के भाई थे।

89. बौद्ध विहारों के लिए प्रसिद्ध कौलवी की गुफाएँ कहाँ स्थित है?

(1) जयपुर (2) झालावाड़
(3) जोधपुर (4) उदयपुर

उत्तर (2) झालावाड़

व्याख्या **कौलवी–** झालावाड़ जिले में डग कस्बे के समीप स्थित कौलवी की गुफाएँ बौद्ध विहारों के लिए प्रसिद्ध है।

90. केवड़ा की नाल नामक दर्रा कहाँ स्थित है?

(1) जोधपुर (2) अजमेर

(3) उदयपुर (4) भीलवाड़ा

उत्तर (3) उदयपुर

व्याख्या प्रमुख दर्रे निम्न हैं–

1. केवड़ा की नाल (उदयपुर)
2. देसूरी की नाल (पाली एवं राजसमन्द)
3. हाथी गुड़ा नाल (राजसमन्द)

91. वीर–विनोद नामक प्रसिद्ध ग्रंथ के लेखक थे–

(1) कर्नल जेम्स टॉड (2) श्यामलदास

(3) सूर्यमल्ल (4) ओझा

उत्तर (2) श्यामलदास

व्याख्या श्यामलदास ने 1871 ईस्वी में वीर–विनोद लिखना शुरू किया, जो 1886 ईस्वी के आस–पास तैयार हुआ।

92. तमाश लोकनाट्य कौनसे क्षेत्र का लोक नाट्य है?

(1) जयपुर (2) जैसलमेर

(3) भरतपुर (4) बाड़मेर

उत्तर (1) जयपुर

व्याख्या तमाशा जयपुर की परम्परागत लोक नाट्य शैली है। जयपुर के महाराजा प्रतापसिंह ने तमाशा नाट्य को प्रोत्साहन दिया।

93. चालीसा का अकाल कब घटित हुआ?

(1) 1783 में (2) 1899 में

(3) 1883 में (4) 1769 में

उत्तर (1) 1783 में

व्याख्या 1783 ई. में पड़े अकाल को चालीसा का अकाल कहते हैं।

94. प्रजामंडल आंदोलन के दौरान जोधपुर जेल में अव्यवस्था व अन्याय के विरूद्ध भूख हड़ताल के कारण स्वास्थ्य खराब हो जाने से जून, 1942 में किस स्वतन्त्रता सेनानी की मृत्यु हो गई?

(1) हेमू कालानी (2) बाल मुकुंद बिस्सा

(3) जयदयाल (4) हरदयाल

उत्तर (2) बाल मुकुंद बिस्सा

व्याख्या सन् 1942 में जोधपुर में उत्तरदायी शासन की स्थापना के लिए जो आंदोलन चला उसमें बिस्सा जी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जेल में राजबंदियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार, अव्यवस्था एवं खराब भोजन के विरूद्ध बिस्सा जी ने भूख हड़ताल कर दी, फलतः स्वास्थ्य खराब हो गया। अन्ततः 19 जून, 1942 को उनका देहावसान हो गया।

95. राजस्थान राज्य अभिलेखागार का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(1) बीकानेर (2) जयपुर

(3) टोंक (4) उदयपुर

उत्तर (1) बीकानेर

व्याख्या राज्य अभिलेखागार की स्थापना प्रारम्भ में जयपुर में 1955 में की गई। लेकिन 1960 में बीकानेर में स्थानान्तरित किया गया।

96. Bwhw जलवायु प्रदेश में कौन से जिले आते हैं?

(1) जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर

(2) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, झालावाड़ा

(3) जयपुर, अलवर, दौसा

(4) नागौर, पाली, जालौर

उत्तर (1) जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर

व्याख्या कोपेन ने राजस्थान की जलवायु Aw, Bshw, Bwhw तथा Cwg में वर्गीकृत किया है। Bwhw- उष्ण शुष्क प्रदेश– जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिले का कुछ भाग।

97. नरेन्द्र मंडल के प्रथम चांसलर कौन थे?

(1) जयपुर नरेश मानसिंह II
(2) बीकानेर नरेश गंगासिंह
(3) मारवाड़ नरेश हनुवंत सिंह
(4) कोटा नरेश भीमसिंह

उत्तर (2) बीकानेर नरेश गंगासिंह

व्याख्या महाराजा गंगासिंह ने 1887 से 1943 के मध्य बीकानेर पर शासन किया। इन्हीं के प्रयत्नों से 1921 ई. में नरेन्द्र मंडल का गठन किया गया।

98. राजस्थान में तेरापंथ सम्प्रदाय की स्थापना किसने की?

(1) जिनसेन जी
(2) श्रमणनाथ जी
(3) भिक्षु स्वामी
(4) आचार्य तुलसी

उत्तर (3) भिक्षु स्वामी

व्याख्या आचार्य भिक्षु स्वामी ने तेरह साधु और तेरह सामायिक करने वाले श्रावकों के साथ जैन श्वेताम्बर के तेरा पंथ की स्थापना की।

99. सुमेलित कीजिए–

	भौतिक विभाग		**नदी बेसिन**
a	उत्तरी–पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश	1	बनास बेसिन
b	मध्य अरावली प्रदेश	2	बाणगंगा व माही बेसिन
c	पूर्वी मैदानी प्रदेश	3	लूनी व घग्घर बेसिन
d	दक्षिणी–पूर्वी पठारी प्रदेश	4	चम्बल

(1) a-2, b-1, c-4, d-3
(2) a-3, b-1, c-4, d-2
(3) a-2, b-3, c-1, d-4
(4) a-3, b-1, c-2, d-4

उत्तर (4) a-3, b-1, c-2, d-4

100. निम्न में से किस प्रसिद्ध विद्वान ने राजपूतों को सूर्य एवं चन्द्र वंशीय बताया है–

(1) कर्नल टॉड (2) चन्द्रबरदाई

(3) डॉ. स्मिथ (4) डॉ. गौरी शंकर हीराचन्द

उत्तर (4) डॉ. गौरी शंकर हीराचन्द

व्याख्या डॉ. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने आबू के शिलालेख (1285 ई.) एवं श्रृंगी ऋषि लेख (1425 ई.) के आधार पर राजपूतों को सूर्य एवं चन्द्रवंशीय बताया है।

101. जोधपुर के शासक, जिन्होंने जोधपुर में पुस्तक प्रकाश नामक पुस्तकालय की स्थापना की–

(1) विजयसिंह (2) मानसिंह

(3) जसवंतसिंह (4) अजीतसिंह

उत्तर (2) मानसिंह

व्याख्या महाराजा मानसिंह कविता प्रेमी एवं सरस्वती सेवक थे। इन्होंने जोधपुर में पुस्तक प्रकाश नामक पुस्तकालय की स्थापना की।

102. राजस्थान में प्राप्त खनिज एवं उनके खनन क्षेत्र से सुमेलित करो?

	खनिज		**खनन क्षेत्र**
a	सीसा एवं जस्ता	1	लीलवानी
b	टंगस्टन	2	कोल्हन
c	मैंगनीज	3	गुढ़ा किसोरीदास

d	ताँबा	4	वाल्टा

(1) a-3, b-4, c-1, d-2
(2) a-3, b-2, c-4, d-1
(3) a-4, b-1, c-3, d-2
(4) a-4, b-2, c-3, d-1

उत्तर (1) a-3, b-4, c-1, d-2

व्याख्या अलवर जिले में किसोरीदास क्षेत्र में सीसा–जस्ता का भण्डार है। सिरोही जिले के वाल्टा (वाल्दा) बडाबरा क्षेत्र में टंगस्टन का उत्पादन होता था। लेकिन यह क्षेत्र वन क्षेत्र में आने के कारण खनन कार्य बन्द है। राज्य में मैंगनीज बाँसवाड़ा जिले में मुख्यतः मिलता है। लीलवानी बाँसवाड़ा में मैंगनीज की प्रमुख खान है। ताँबा राज्य में झुंझुनूं जिले में खेतड़ी, सिंघाना तथा अलवर जिले में खो–दरीबा क्षेत्र महत्वपूर्ण है। कोल्हन, खेतड़ी सिंघाना क्षेत्र की प्रमुख खान है।

103. बैराठ सभ्यता से सम्बन्धित निम्न में से कौन–सा तथ्य सही नहीं है–

1. बैराठ की खुदाई में सिंधु घाटी सभ्यता के समकालीन, मौर्यकालीन और मध्यकाल के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
2. यहाँ से प्राप्त ईंट मोहनजोदड़ों की ईंटों से मिलती–जुलती है।
3. यहाँ से आठ पंचमार्क चाँदी की मुद्रायें मिली हैं।
4. यहाँ से गोल मंदिर के अवशेष नहीं मिले हैं।

कूट–

(1) केवल 1
(2) 1 एवं 4
(3) 2 एवं 3
(4) केवल 4

उत्तर (4) केवल 4

व्याख्या बैराठ से गोल मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए है। ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण अशोक ने करवाया।

104. 10 वीं शताब्दी का प्रसिद्ध अम्बिका मंदिर है–

(1) जगत में (2) नागदा में

(3) आहड़ में (4) ओसियां में

उत्तर (1) जगत में

व्याख्या यह मंदिर उदयपुर से 42 किमी. दूर जगत नामक ग्राम में अवस्थित है। यहाँ नृत्य गणपति की विशाल प्रतिमा है। यह मंदिर मेवाड़ का खजुराहो कहलाता है।

105. राजस्थान में दक्कन पठार का विस्तार निम्नांकित जिलों में है–

(1) डूँगरपुर एवं बाँसवाड़ा (2) झालावाड़ एवं कोटा

(3) चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा (4) सवाईमाधोपुर एवं बूँदी

उत्तर (2) झालावाड़ एवं कोटा

व्याख्या राजस्थान में दक्कन का पठार मुख्यतः झालावाड़ एवं कोटा जिले में विस्तृत है।

106. अकबर द्वारा राणा प्रताप को अधीन करने के लिए कई सेनापतियों के नेतृत्व में अभियान भेजे गए, जिनमें से निम्न में से कौन–सा नहीं है–

(1) मानसिंह (2) शाहबाज खाँ

(3) जगन्नाथ कच्छवाह (4) खुर्रम

उत्तर (4) खुर्रम

व्याख्या खुर्रम जहाँगीर का योग्य पुत्र था, जिसने 1615 में मेवाड़ राणा अमरसिंह को संधि करने के लिए विवश कर दिया।

107. सागड़ी प्रथा किस सामाजिक कुरीति से संबंधित है?

(1) बालश्रम (2) मादा भ्रूण हत्या

(3) सती (4) बंधुआ मजदूर

उत्तर (4) बंधुआ मजदूर

व्याख्या बंधुआ मजदूर प्रथा को ही राज्य में सागड़ी प्रथा के नाम से जाना जाता है। राजस्थान में सन् 1961 में सागड़ी निवारण अधिनियम पारित करके बंधुआ मजदूरों को मुक्ति दिलाने का प्रयास किया गया।

108. निम्न को सुमेलित कीजिए–

	प्राकृतिक विभाग		**जलवायु प्रदेश**
a	दक्षिणी पूर्वी पठारी भाग	1	आर्द्र
b	मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र	2	अति आर्द्र
c	उत्तरी–पश्चिमी मरूस्थल	3	उप आर्द्र
d	पूर्वी मैदानी भाग	4	शुष्क

(1) a-2, b-3, c-4, d-1 (2) a-3, b-4, c-1, d-2

(3) a-1, b-2, c-3, d-4 (4) a-2, b-1, c-3, d-4

उत्तर (1) a-2, b-3, c-4, d-1

व्याख्या अति आर्द्र जलवायु प्रदेश में राज्य के बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, दक्षिणी–पूर्वी उदयपुर, माउण्ट आबू. क्षेत्र, द.पू. कोटा, बारां एवं झालावाड़ जिले आते हैं।

109. मुगल वंश की सबसे पहले अधीनता स्वीकार करने वाला राजस्थान का कौन–सा वंश था–

(1) गुहिल वंश (2) चौहान वंश
(3) कछवाह वंश (4) सिसोदिया वंश

उत्तर (3) कछवाह वंश

व्याख्या आमेर के कछवाह वंश के राजा भारमल ने 1562 ईस्वी में मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार की।

110. निम्न में से कौनसा सुमेलित है?

	नाम		**ग्रंथ (संगीत)**
(1)	पुंडरीक विट्ठल	–	रागमाला
(2)	पंडित भावभट्ट	–	संगीतराज
(3)	कुंभा	–	राग कल्पद्रुम
(4)	उस्ताद चाँद खान	–	राग चन्द्रिका

उत्तर (1)

व्याख्या संगीत राज, संगीत मीमंशा, संगीत सुधा आदि महाराणा कुंभा की प्रमुख रचनाएँ हैं। राग कल्पद्रुम, कृष्णानन्द व्यास की प्रमुख रचना है। राग चन्द्रिका भट्ट द्वारिका नाथ की प्रमुख रचना है।

111. सुमेलित कीजिए–

	बाँध/झील/तालब		**सम्बन्धित जिले**
a	हेमावास	1	अलवर
b	जयसमन्द	2	पाली
c	कोलायत	3	जैसलमेर
d	गढ़ीसर	4	बीकानेर

(1) a-1, b-2, c-3, d-4 (2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-1, b-3, c-4, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

उत्तर (2) a-2, b-1, c-4, d-3

112. मारवाड़ का वह प्रसिद्ध महाराजा, जिसे हिन्दूषत् कहा जाता है?

(1) गजसिंह
(2) जसवंतसिंह प्रथम
(3) कल्याणमल
(4) रायसिंह

उत्तर (2) जसवंतसिंह प्रथम

व्याख्या जसवंत सिंह प्रथम मारवाड़ का प्रसिद्ध महाराजा था, जिससे मुगल सम्राट औरंगजेब भी भय खाता था। जसंवतसिंह प्रथम को स्थापत्य कला में उत्कृष्ट रूचि का प्रदर्शन करने के कारण हिन्दूषत् कहा जाता है।

113. सुमेलित कीजिए?

	मन्दिर		**स्थान**
a	काचरिया मंदिर	1	धनोप (भीलवाड़ा)
b	मदन मोहनजी मंदिर	2	जैसलमेर
c	हिंगलाज देवी मंदिर	3	करौली
d	धनोप माता का मंदिर	4	किशनगढ़ (अजमेर)

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-4, b-3, c-2, d-1
(4) a-4, b-3, c-1, d-2

उत्तर (3) a-4, b-3, c-2, d-1

114. सवाई माधोपुर स्थित रामेश्वर घाट निम्न में किस नदी समूह का त्रिवेणी संगम है–

(1) बनास, चम्बल एवं सीप
(2) मोरेल, बनास एवं बेड़च
(3) लूनी, पश्चिमी बनास एवं जोजड़ी
(4) बाणगंगा, रूपारेल एवं कांतली

उत्तर (1) बनास, चम्बल एवं सीप

व्याख्या बनास नदी सवाई माधोपुर की खंडार तहसील में रामेश्वर धाम (पदरा गाँव के निकट) में चम्बल एवं सीप के साथ त्रिवेणी संगम बनाती है।

115. सूची–1 और सूची–2 को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए?

	सूची–1 (आंदोलन/घटनाएँ)		**सूची–2 (आंदोलन/घटनाओं के प्रारम्भ होने का वर्ष)**
a	बिजोलिया	1	1925
b	सीकर	2	1947
c	डाबड़ा	3	1922
d	नीमूचाणा	4	1897

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-4, c-1, d-2
(4) a-4, b-1, c-2, d-3

उत्तर (2) a-4, b-3, c-2, d-1

व्याख्या सीकर किसान आंदोलन की समयावधि सन् 1922 से 1935 तक है। नीमूचाणा काण्ड 13 मई, 1925 को हुआ, जब किसानों की एक सभा पर कमाण्डर छाजूसिंह के नेतृत्व में गोली–बारी की गई।

116. हाडौती का खुजराहो किस मंदिर को कहा जाता है?

(1) काकूनी का मंदिर
(2) भण्डदेवरा का शिव मंदिर
(3) शिव मंदिर कंसुआ
(4) गेपरनाथ मंदिर

उत्तर (2) भण्डदेवरा का शिव मंदिर

व्याख्या भण्डदेवरा का शिव मंदिर रामगढ़ (बारां) में स्थित है। इस मंदिर को हाडौती का खजुराहो या राजस्थान का मिनी खजुराहो कहा जाता है।

117. आकृति व संरचना की दृष्टि से किस पर्वत श्रृंखला की तुलना संयुक्त राज्य अमेरिका की अपलेशियन पर्वत श्रृंखला से की जाती है?

(1) अरावली पर्वत श्रृंखला
(2) विन्ध्याचल पर्वत श्रृंखला
(3) हिमालय पर्वत श्रृंखला
(4) कुमायू पर्वत श्रृंखला

उत्तर (1) अरावली पर्वत श्रृंखला

व्याख्या अरावली व अपलेशियन पर्वत श्रृंखलाएं प्राचीन पर्वतों के उदाहरण हैं जो कि कालान्तर में अपघर्षण-अपघटन के कारण वर्तमान में अवशिष्ट पर्वत के रूप में उपस्थित हैं।

118. उत्तर भारतीय देशी राज्य प्रजा परिषद् की स्थापना किसने की?

(1) पंडित नयनूराम
(2) पंडित अभिन्न हरि
(3) जोरावर सिंह
(4) माणिक्यलाल वर्मा

उत्तर (2) पंडित अभिन्न हरि

व्याख्या पंडित अभिन्न हरि ने दिल्ली में उत्तर भारतीय देशी राज्य प्रजा परिषद् की स्थापना की।

119. निम्न को सुमेलित कीजिए–

a	बरसात के देवता	1	बग्गा जी
b	जालौर के प्रमुख देवता	2	तल्लीनाथ जी
c	ग्वालों के देवता	3	मामादेव

d	जाखड़ समाज के कुलदेवता	4	देवबाबा

(1) a-3, b-2, c-4, d-1 (2) a-2, b-3, c-4, d-1

(3) a-3, b-2, c-1, d-4 (4) a-2, b-3, c-1, d-4

उत्तर (1) a-3, b-2, c-4, d-1

व्याख्या बरसात के देवता मामा देव, जालौर के देवता तल्लीनाथ जी, ग्वालों के देवता देवबाबा एवं जाखड़ समाज के कुल देवता बग्गा जी कहलाते हैं।

120. निम्न में से राजस्थान की कौन–सी नदी बंगाल की खाड़ी में अन्ततः अपना जल नहीं उडेलती–

(1) जोजड़ी (2) बनास

(3) चम्बल (4) कालीसिंध

उत्तर (1) जोजड़ी

व्याख्या जोजड़ी लूनी नदी की सहायक नदी है। कालीसिंध एवं बनास चम्बल नदी में गिरती है। चम्बल का पानी यमुना में यमुना का पानी गंगा में तथा गंगा ब्रह्मपुत्र के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी में गिर जाती है।

****